समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# 8 महीने के उच्चतम स्तर पर रिलायंस के शेयर, निवेशकों के लिए क्या है अगला कदम ?

Publisher

Published on 11 Jun 2025




## ब्रोकरेज फर्म्स का मानना है कि RIL के शेयर मे अंभी और तेजी की संभावना, Jio और रिटेल कारोबार बनेगें ग्रोथ ड्राइवर।

**मुंबई : रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL)** के शेयरों ने एक बार फिर निवेशकों को खुश होने का मौका दिया है। बुधवार, 11 जून 2025 को **RIL का शेयर 2%** की तेजी के साथ 1468 रुपये पर पहुंच गया, जो कि पिछले 8 महीनों में इसका उच्चतम स्तर है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में यह इतना ऊंचा देखा गया था।

**विशेषज्ञों का नजरिया : अभी और ऊपर जा सकते है शेयर**

**मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज** ने RIL के स्टॉक को '**बाय**' रेटिंग दी है और इसका **टारगेट प्राइस ₹1515** रखा है। फर्म का मानना है कि 2025 से 2027 के बीच **जिओ (Jio) कंपनी** की सबसे बड़ी ग्रोथ ड्राइवर होगी। इसके अलावा, **रिटेल सेक्टर** में भी लगातार ग्रोथ देखी जा रही है।

**किस सेक्टर मे दिख रही है ग्रोथ ?**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुताबिक, रिलायंस के डिजिटल सर्विस सेगमेंट में होम ब्रॉडबैंड, **5G सेवाओं** का तेजी से विस्तार और **एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (ARPU)** में वृद्धि की संभावना है। साथ ही, क्विक कॉमर्स और रिटेल कारोबार में बढ़त के कारण नए अवसर बनते नजर आ रहे हैं।

**अप्रैल से अब तक 32% की उछाल**

अप्रैल 2025 में **RIL के शेयर 1155.55 रुपये** के निचले स्तर पर थे, वहां से अब तक इसमें लगभग **32% की तेजी** आई है।

वहीं, **बीएसई सेसेंक्स** भी अप्रैल से अब तक 15.4% की उछाल के साथ 52 सप्ताह के निचले स्तर से ऊपर आया है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि कंपनी के अलग-अलग कारोबार जैसे **रिटेल, डिजिटल** और **एनर्जी सेगमेंट्स** में लंबी अवधि में और भी ग्रोथ देखने को मिल सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.